दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### रामपुर सर्किट हाऊस रोड पर लूटपाट, दो युवकों पर नामजद एफआईआर

**रायगढ़।** आर्दशनगर दरोगामुडा जूटमिल में रहने वाले अभिषेक सोनी पिता सेवा राम सोनी उम्र 32 वर्ष द्वारा दिनांक 22/08/2021 को रामपुर सर्किट हाऊस रोड़ पर दो लड़को द्वारा लूटपाट कर सोने की अंगूठी, चांदी की अंगूठी एवं नगद 2,300 रूपये लूटकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है । रिपोर्टकर्ता बताया कि दिनांक 22-08-2021 शाम लगभग 07:00 बजे बाइक से रामपुर से सर्किट हाउस की ओर जाते समय चांदमारी मेन रोड के पास कुन्दन दिवान और अम्मू सरदार मारपीट कर सोने एवं चांदी की अंगूठी एवं नगद 2,300 रूपये को लूट लिये और बाईक को भी तोडफोड कर नुकसान पहुंचाये । घटना के समय अभिषेक सोनी के साथ उसके दोस्त अनिल साहू एवं गुडडू भी थे । घटना के संबंध में दोनों आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 1188/2021 धारा 394,427 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

### ग्राम पंचायत सचिव नंदलाल राठिया निलंबित

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा बीते 11 अगस्त को ग्राम पंचायत दर्रीडीह आश्रित ग्राम खलबोरा भ्रमण के दौरान दर्रीडीह जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के पंचायत सचिव नंदलाल राठिया के द्वारा हितग्राहियों को दिए जाने वाले पेंशन एवं राशन कार्ड से संबंधित जानकारी पूछे जाने पर किसी प्रकार जानकारी नहीं देने एवं अपने पदीय कर्तव्यों के लापरवाही बरतने के कारण जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल द्वारा उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया था। लेकिन पंचायत सचिव नंदलाल राठिया द्वारा कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। जिसके फलस्वरूप सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने नंदलाल राठिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

### नवा रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प 27 को

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 अगस्त को एक्सटेंशन काउंटर, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स राखी, दुकान क्रमांक 07, सेक्टर 25, नवा रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक हकदर्शक इम्पॉवरमेंट सॉलुशन्स प्रा0लिमि0 द्वारा 18 से 45 वर्ष तक के न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती कुरियर सर्विस/केयर गिव्हर्स के 200 पदों पर 12 हजार रूपये प्रतिमाह के वेतनमान पर की जावेगी। इन पदों पर भर्ती हेतु योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि पर शैक्षणिक/तकनीकी शिक्षा तथा अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति के अपनी उपस्थिति देवें। आवेदक सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक रोजगार कार्यालय, रायपुर अथवा आई.टी.आई. माना में संपर्क कर सकते है।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ने जगदीश को दिलाई सफल व्यवसायी की पहचान

### » बच्चों को दिला रहे अच्छी शिक्षा, परिवार में भी आयी खुशहाली

**रायगढ़ ।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। जो खुद का व्यवसाय स्थापित करने की चाह रखते थे और जिनके पास उद्यम की स्थापना हेतु पूंजी के कोई साधन नहीं है तथा बैंकों से ऋण मिल पाने की कोई संभावना नहीं थी।

तहसील पुसौर पोस्ट-छातामुरा के 8 वीं पास 35 वर्षीय जगदीश यादव जिनके पिता एक कृषक है और परिवार में कृषि कार्य ही मुख्य आय का स्त्रोत था। जगदीश यादव अपने पिता के साथ कृषि कार्य में हाथ तो बंटाते ही है लेकिन इसके अलावा वे कुछ अलग व्यवसाय स्थापित करना चाहते थे,



जिससे की आय में वृद्धि हो। उनका कहना था कि पारिवारिक कठिनाईयों की वजह से मैं तो ज्यादा पढ़ाई नहीं कर पाया, लेकिन अपने दोनों बेटो को अच्छी शिक्षा दिला सकूं और अपने परिवार को खुश रख सकूं।

तब उन्हें जिला व्यापार एवं उद्योग से लाभान्वित हितग्राही के माध्यम से योजना की जानकारी हुई और उन्होंने संबंधित कार्यालय में जाकर योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने खुद का व्यवसाय स्थापित करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत उन्हें पंजाब नेशनल बैंक, पटेलपाली रायगढ़ से 01 लाख 90 हजार रुपये का ऋण मिला। जिससे उन्होंने अपने बस्ती में ही किराना व्यवसाय प्रारंभ किया। आज उनका किराना दुकान बहुत अच्छे से चल रहा है और वे इस व्यवसाय से समस्त मासिक खर्चो के बाद भी वे अपने परिवार के लिए लगभग 15 हजार रुपये की बचत कर ले रहे है साथ ही वे अपने दोनों बेटों को स्कूल में भी अच्छी शिक्षा भी दिला रहे है। खुद का एक राशन दुकान और सफल व्यवसायी होने के कारण यादव की सामाजिक प्रतिष्ठा में भी अच्छी पहचान बनी है। जगदीश यादव ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## किशोरी का शारीरिक शोषण करने वाला युवक गया जेल, कापू थाना क्षेत्र का मामला

**रायगढ़।** दिनाक 22.08.2021 को थाना कापू में थानाक्षेत्र पत्थलगांव की रहने वाली नाबालिग बालिका अपने परिजनों के साथ थाना आकर ग्राम पत्थलगांव खुर्द थाना कापू निवासी अजय कुजूर पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है । किशोरी के बताये अनुसार दोनों के बीच मोबाइल से नजदीकियां बढ़ी अजय पिछले फरवरी 2020 से शादी करूंगा कहकर चोरी छिपे शारीरिक संबंध बना रहा है । घरवालों को अजय के साथ संबंध होने की जानकारी दी तो घरवाले गांव के 3-4 लोगों के साथ अजय कुजूर के घर गये थे लेकिन अजय कुजूर शादी करने से इंकार कर दिया । युवती के लिखित आवेदन पत्र थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक धनीराम राठौर द्वारा आरोपी युवक अजय कुजूर के विरूद्ध अप.क्र. 115/2021 धारा 366 (क),376 भादवि.,05 (ठ)



पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये आरोपी अजय कूजूर पिता नत्थूराम कुजूर उम्र 20 वर्ष निवासी पत्थलगांव खुर्द थाना कापू जिला रायगढ को गिरफ्तार कर आज दिनांक 23/08/221 को माननीय अपर सत्र न्यायाधीश घरघोड़ा के न्यायालय में आरोपी को रिमांड के लिए पेश किया गया । माननीय न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड की स्वीकृति प्रदान करते हुए आरोपी का जेल वारंट जारी किया गया है कापू पुलिस द्वारा आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है ।

## जिले में 24 अगस्त से 28 सितम्बर तक मनाया जा रहा शिशु संरक्षण माह

**रायगढ़ ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 24 अगस्त से 28 सितम्बर 2021 तक समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। उक्त अभियान अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को गर्भवती माताओं एवं बच्चों को टीकाकृत कर जिले के 09 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा तथा के 06 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आई.एफ.ए. सिरप पिलाई जाएगी।

विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छः माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है। अतः 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विभिन्न रोगो से बचाव



करने वाली विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलायें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ.एस.एन.केसरी ने जिले के समस्त हितग्राहियों को 24 अगस्त से 28 सितम्बर 2021 तक शिशु संरक्षण माह के दौरान आयोजित सत्रो में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ लेने हेतु आग्रह किया है।

## शासन से मिला विवाह प्रोत्साहन अनुदान बना दिव्यांग दंपत्तियों का सहारा

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग की महत्वाकांक्षी योजना विवाह प्रोत्साहन अनुदान के अंतर्गत दिव्यांग दंपत्तियों के पारिवारिक, सामाजिक पुनर्वास के लिए विवाहोपरांत प्रोत्साहन स्वरूप प्रति दिव्यांग व्यक्ति को 50 हजार रुपये एवं दंपत्ति में दोनों के दिव्यांग होने पर एकमुश्त राशि एक लाख रुपये देने का प्रावधान है।

इस महत्वांकाक्षी योजना की जानकारी मिलने पर रायगढ़ के नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत



जिला जेल के सामने निवासरत 60 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग बिरेन्द्र जायसवाल एवं उनकी पत्नी 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग श्रीमती ईश्वरी जायसवाल तथा जनपद पंचायत सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम/पोस्ट कोसीर निवासी सुरेन्द्र कुमार लहरे एवं पत्नी 40 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग श्रीमती संगीता खरे द्वारा विभाग को प्रोत्साहन राशि अनुदान हेतु आवेदन दिया गया था। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करने पर दोनों दंपत्तियों को योजना अंतर्गत लाभ पाने हेतु पात्र पाए गए। समाज कल्याण विभाग दिव्यांग व्यक्तियों के सामाजिक, पारिवारिक पुनर्वास हेतु संकल्पित है। विभाग द्वारा दिव्यांग दंपत्ति बिरेन्द्र जायसवाल एवं पत्नी श्रीमती ईश्वरी जायसवाल को 01 लाख रुपये तथा सुरेन्द्र कुमार लहरे एवं पत्नी श्रीमती संगीता खरे को 50 हजार रुपये शासन के नियमानुसार भुगतान कर विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत लाभान्वित किया गया। विभाग से विवाह प्रोत्साहन अनुदान पाकर दोनों दिव्यांग दंपत्ति अत्यंत खुश है। मिले इस प्रोत्साहन राशि का उपयोग वे स्वयं को स्वावलंबी बनाने तथा अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करेंगे।

## कत्लखाने ले जाते 86 मवेशियों को पुलिस ने किया जब्त

### » एक ट्रक व मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के महासमुंद व बालोद जिले में मवेशियों को कत्ल खाने ले जाते पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार कर 86 मवशियों तथा एक बाइक व ट्रक जब्त की है।

जानकारी के मुताबिक बसना थाना पुलिस ने 21 अगस्त को शाम 4 बजे के करीब ग्राम भालुकोना स्कुल के पीछे के रास्ते से कुछ लोग बड़ी संख्या में मवेशियों को हकालते हुए उडिसा कत्लखाने ले जा रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 2 लोगों को पकड़ा लेकिन एक व्यक्ति भागने में कामयाब हो गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बजरंग रात्रे पिता सोनसाय रात्रे उम्र 32 साल निवासी तोषगांव थाना बसना एवं डोलामणी चौहान पिता उदेराम चौहान उम्र 40 साल जाति गांडा निवासी भालुकोना थाना बसना का रहने वाला बताया। तथा फरार आरोपी की पहचान गुरदेव घंसिया निवासी तरेकेला थाना बसना होना बताया। उक्त मवेशियों के परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज पस्तुत करने कहने पर उसनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया । गवाहों के समक्ष 40 नग गाय छोटा बड़ा व 12 नग बछड़ा, कुल 52 नग गाय बछड़ा अनुमानित कीमत 70,000 रूपये एवं एक नग मोटरसाइकिल सीजी 13 एच 4634 कीमत 25000 रूपये को जब्त कर हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के



खिलाफ धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह बालोद जिले के गुरुर थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने रात्रि गस्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिलने पर सनौद की ओर से एक ट्रक में अवैध रूप से कृषक पशुओं को क्रुरता पूर्वक बिना चारा पानी के ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरकर महाराष्ट्र कत्ल खाना कि सूचना प्राप्त होने पर ग्राम धनेली के पास सनौद की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एचआर 74 ए 2280 को रोकने पर ट्रक ड्रायवर वाहन को तेजी से चलाकर ट्रक को दुर में खड़ी कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए उतरकर अपने साथी के साथ भाग गया । खडे ट्रक को चेक करने पर उसके ऊपर काले रंग त्रिपाल बंधा हुआ था जिसे हटाने पर अंदर 34 नग बैल व बछड़ा बिना चारा पानी के ठुंस-ठुंसकर कत्ल खाने ले जाया जा रहा था। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## इंदिरा नगर हॉस्पिटल प्रांगण पर मुख्यमंत्री के जन्मदिन को बनाया गया यादगार

### » शेख ताजीम ने बच्चो से कटवाया केक

**रायगढ़ (आरएनएस)।** उप स्वास्थ्य केंद्र इंदिरा नगर हॉस्पिटल प्रांगण में प्रदेश कॉंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष एवं हॉस्पिटल के सदस्य शेख ताजीम ने सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर स्कूल की नन्ही बच्ची सरिता निषाद के हाथों केक कटवा कर यादगार बनाया उन्होंने केविड 19 के दिशा निर्देशों के पालन करने का सभी को आग्रह किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन हॉस्पिटल के स्टाफ एवं स्कूल के 6 वर्षीय सरिता निसाद के हाथों केक कटवाया गया एवं स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से मेडिकल चेकअप, बच्चो को निशुल्क इलाज एवं फ्री में दवाई वितरण किया गया, कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के लिये बच्चो को प्ररित किया साथ ही प्रदेश कॉंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष एवं हॉस्पिटल के सदस्य शेख ताजीम ने बच्चो को मास्क वितरित किया एवं मुख्यमंत्री के नरवा,घुरवा गरवा बारी,गौधन न्याय योजना के साथ समस्त वर्गों के प्रति सकारात्मक सोच को बताया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से निसार अली शकील खान किताबुद्दीन डॉ कौशल्या देवांगन, पटेल सर,स्टाफ नर्स उषा शहिस सुरुचि कुरुवंशी,बसन्ती एक्का ललिता नागवंशी नीतू चौहान सहित मोहल्ले के बच्चे उपस्थित थे।

## जमीन डायवर्सन के नाम पर रिश्वत लेते एसडीएम ऑफिस का बाबू रंगे हाथ पकड़ाया

### » एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई

**सूरजपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिला मुख्यालय में एसडीएम ऑफिस का एक बाबू घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है एंटी करप्शन ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए बाबू को गिरफ्तार कर लिया।जमीन डायवर्सन के नाम पर उक्त रिश्वत ली जा रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार एसीबी चीफ आरिफ शेख के निर्देश और एसीबी एसपी पंकज चंद्रा की अगुवाई में प्रदेश में रिश्वतखोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। इसी कड़ी में सूरजपुर के रहने वाले एक व्यक्ति सुनील कुमार पांडेय ने शिकायत दर्ज करायी उसकी जमीन के डायरवर्सन का कागज एसडीएम आफिस के बाबू मुनेश्वर राम ने रोक रखा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसने 0.02





हेक्टेयर जमीन का डायवर्सन व्यावसायिक कामों में करने के लिए आवेदन लगाया है, जिसे कई महीनों से रिश्वत नहीं देने की वजह से रोककर रखा गया है।डायवर्सन के एवज में उससे सहायक ग्रेड 2 मुनेश्वर राम 50 हजार रुपये मांग रहा था, पहली किश्त के तौर पर उससे 5 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं। शिकायत के आधार पर जब एसीबी की टीम ने जांच शुरू की, तो शिकायत सही पाया। जिसके बाद एसीबी ने घूसखोर कर्मचारी को रंगे हाथों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। आज एसीबी की टीम सादे लिबास में एसडीएम आफिस पहुंची, इस दौरान शिकायतकर्ता सुनील कुमार पांडेय को कैमिकल लगे नोट के साथ एसडीएम दफ्तर भेजा गया। 50 हजार घूस की रकम में से पहली किश्त के तौर पर 5 हजार रूपये लेकर जैसे ही शिकायतकर्ता ने घूसखोर बाबू को दिया। एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम रिश्वतखोर कर्मचारी से पूछताछ कर रही है।

## बदलता बस्तर : पुल और सड़कों के बनने से जोखिम से मिली आजादी: 40 गांवों में ग्रामीणों का आसान हुआ जीवन

**रायपुर (आरएनएस)।** सरल और जोखिम रहित आवागमन न सिर्फ रहवासियों को सहूलियतें देता है, बल्कि रास्ता उन तक विकास के कई नए अवसर ले आता है। रास्तों के सहारे विकास की पहुंच को देखते हुए राज्य सरकार तेजी से गांव-गांव को मुख्यालयों तक जोड़कर उन तक सुविधाओं और अवसरों की पहुंच बनाने में लगी है। इसी का एक उदाहरण उत्तर बस्तर कांकेर जिले के दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के छोटे से गांव कोड़ेकुर्से के पास कोटरी नदी में बना उच्च स्तरीय पुल है, जिसने लगभग 40 गांवों के हजारों ग्रामीणों का जीवन आसान बना दिया है। राज्य सरकार ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए लगभग 10 करोड़ 83 लाख रूपये की लागत से इस पुल का निर्माण



कराया है। इसके साथ ही पुल को जोड़ने के लिए एप्रोच रोड भी बनाई जा रही है।

पहले कोड़ेकुर्से क्षेत्र के ग्रामीणों को नवनिर्मित उच्च स्तरीय पुल के ऊपरी हिस्से में बने एनीकट के सहारे आना-जाना करना पड़ता था, जो हमेशा जोखिम भरा होता था। यहां पिछले वर्षों में कई दुर्घटनाएं भी यहां हुई हैं। पुल बन जाने से ग्रामीणों को जोखिम से आजादी मिल गई है। अत्यधिक वर्षा के कारण नदी में बाढ़ आने से क्षेत्र के ग्रामीण ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल से भी लगभग कट जाते थे। पुल बन जाने से यह ग्रामीणों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। बारिश के दिनों में अन्य क्षेत्रों से कट जाने की उनकी समस्या भी अब खत्म हो गई है। पुल के बन जाने से न सिर्फ ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलने लगी है, बल्कि यहां व्यवसायिक गतिविधियां भी बढ़ने लगी हैं।

राज्य सरकार द्वारा इस अंचल में लगभग 07 करोड़ रूपये की लागत से कोड़ेकुर्से-जाड़ेकुर्से-ओटेकसा (मदनवाड़ा) 15 किलोमीटर सड़क का भी निर्माण किया गया है, जो राजनांदगांव जिला के मानपुर को जोड़ती है। यह क्षेत्र चारों तरफसे नदी-नालों से घिरा हुआ, आवागमन के लिए साधनविहीन तथा बेहद संवेदनशील क्षेत्र रहा है। सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन की सुविधा मिलने के साथ ही यहां व्यापारिक गतिविधियों में भी वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा बड़गांव से कोड़ेकुर्से व्हाया हामतवाही-करकापाल मार्ग का भी निर्माण कराया गया है। इसके बनने से 17 गांवों के ग्रामीणों को फायदा पहुंचा है। संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण सड़क और उसके बीच आने वाले पुल-पुलियों का निर्माण अर्द्धसैनिक बलों की सुरक्षा में किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480